हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–70 : जौनपुर, मंगलवार 08 नवम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सिख गुरु जहां भी गए शक्ति और विश्वास का प्रकाश फैलाया –मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : सिख गुरुओं का अपना एक गौरवशाली इतिहास है। उनमें देश और धर्म के लिए आत्म बलिदान देने की परंपरा रही है, जो आज भी प्रेरणा देती है और समाज को ऊर्जा देती है। आज व्यापक साधन हैं तब भी हमें एक जगह से दूसरी जगह जाने में समय लगता है और हमें कठिनाई होती है लेकिन जिस समय साधन नहीं थे, उस समय गुरु नानक देव ने देश ही नहीं बल्कि देश के बाहर धार्मिक उपदेश देकर मानवता का कल्याण किया। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर डीएवी कॉलेज के मैदान में आयोजित प्रकाशोत्सव पर कही। इससे पहले सीएम योगी ने गुरु नानक दरबार में मत्था टेका। इस दौरान कमेटी के सदस्यों ने उन्हे अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। युगों–युगों तक स्मरण किया जाएगा गुरु नानक देव का नाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर सिख समाज को अपनी हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि आज गुरु नानक देव जी का पावन प्रकाश उत्सव है, पूरे देश और दुनिया में जहां भी भारतवंशी निवास कर रहे हैं वो पूरी श्रद्धा के साथ इसे मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिख गुरु जहां भी गए, शक्ति और विश्वास का प्रकाश फैलाया। उनका जीवन और शिक्षाएं पीढ़ियों को राष्ट्र, धर्म और मानवता के लिए निस्वार्थ रूप से समर्पित रहने के लिए प्रेरित करती हैं। मध्यकाल में जब विधर्मियों के आतंक से देश, धर्म और मानवता के साथ हमारी बहन बेटियों की इज्जत खतरे में थी। स्वयं के अस्तित्व के लिए मानवता गुहार लगा रही थी, उस कालखंड में मानवता के



कल्याण के लिए जो प्रकाश पुंज प्रकट हुआ, जिन्होंने मानवता कल्याण के लिए अपने उपदेशों और जनजागरण के माध्यम से एक बड़े अभियान को अपने हाथों में लिया, उन प्रकाश पुंज को हम गुरु नानक देव के नाम से जानते हैं। आज उन्हीं का प्रकाश उत्सव है, जिसे हम सब श्रद्धा के साथ मना रहे हैं। इसकी मैं आप सबको बधाई देता हूं। जो भी स्वार्थ से उठकर परमार्थ के लिए देश और धर्म के लिए कार्य करेगा उसका नाम इसी तरह युगों युगों तक स्मरण किया जाएगा। इतिहास केवल पढ़ने का विषय नहीं बल्कि यह मार्गदर्शक होता है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यहां तो हम बड़े उल्लास के साथ प्रकाश पर्व मना रहे हैं, लेकिन क्या ये ननकाना साहिब में भी सम्भव हो पा रहा है, ये सोचने का विषय है। इतिहास केवल पढ़ने का विषय नहीं है बल्कि यह एक मार्गदर्शक होता है। इससे हमको प्रेरणा मिलती है और यह हमको अतीत की गलतियों से सबक सीखने की प्रेरणा भी देता है। आखिर गुरु नानक का ननकाना साहिब हमसे अलग क्यों है? वहां ये पर्व मनाने के लिए स्वतंत्रता क्यों नही है? इस पर भी सोचना चाहिए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व उपमुख्यमंत्री और एमएलसी डॉ. दिनेश शर्मा, केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर, पूर्व मंत्री मोहसिन रजा, मेयर संयुक्ता भाटिया और विधायक राजेश्वर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## सहारनपुर–नई दिल्ली के बीच 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेंगी ट्रेनें

सहारनपुर ब्यूरो : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव दो दिवसीय दौरे पर सहारनपुर में हैं। मंगलवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनि वैष्णव ने कहा कि सहारनपुर रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने के लिए आर्किटेक्ट का चयन कर लिया गया है। साथ ही सहारनपुर–नई दिल्ली के बीच 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन जल्द दौड़ेंगी। मंगलवार को रेल मंत्री अश्विनि वैष्णव ने सबसे पहले गुरु परब पर गुरुद्वारा रोड स्थित गुरुद्वारे में माथा टेका। इसके बाद जैन बाग के जैन मंदिर में पूजा–अर्चना है। यहां से वह रेलवे स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार पहुंचे। यहां खलासी लाइन से ढमोला नदी तक ड्रेन निर्माण के कार्यों का भूमि पूजन किया। उसके बाद सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने जुलाई माह में जो वायदे किये थे उन्हें पूरा कर गिनाया। बताया कि सहारनपुर रेलवे स्टेशन विश्व स्तरीय बनने का काम शुरू हो गया है। इसके लिए आर्किटेक्ट का चयन कर लिया गया। उन्होंने बताया कि खलासी लाइन में पानी की निकासी की बड़ी समस्या थी। यहां साढ़े छह करोड़ की लागत से नाला बनाया जा रहा है। जिसका निर्माण कार्य अगले छह से आठ महीने में पूरा हो जाएगा। इसी तरह टीटू कॉलोनी



में एक पार्क बनेगा। जिसकी साफ–सफाई शुरू हो गई। रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट, एस्केलेटर लगाए जाएंगे। लकड़ी पुल को अत्याधुनिक एफओबी बनाया जाएगा इसके लिए साढ़े सात करोड रुपए स्वीकृत कर दिए गए हैं। उन्होंने संगम एक्सप्रेस को सहारनपुर तक विस्तार करने के भी संकेत दिए। कार मेमू शेड का निर्माण 30 करोड़ रुपये स्वीकृत हो गए हैं। मेरठ– हस्तिनापुर– बिजनौर की डीपीआर जल्द बनेगी रेल मंत्री ने बताया कि कि मेरठ हस्तिनापुर बिजनौर रेलवे मार्ग का सर्वे का काम पूरा हो गया है। अब इसकी डीपीआर बनाने का कार्य चल रहा है। 6 महीने में डीपीआर का कार्य पूरा हो जाएगा। इसके बाद इस महत्वपूर्ण रेल परियोजना का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

## छात्रवृत्ति फॉर्म भरकर लौट रही छात्रा की ऐसे आई मौत : पहले पिता और अब बेटी की सांसें थमने से परिवार बेहाल

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ की पारा के सोना विहार कॉलोनी में सोमवार को दर्दनाक हादसे में 15 वर्षीय छात्रा पलक शर्मा की मौत हो गई। दोपहर को छात्रा कॉलेज से छात्रवृत्ति फॉर्म भरकर घर लौट रही थी। इस दौरान 16 फीट ऊंची व 60 फीट लंबी जर्जर दीवार भरभराकर उसके ऊपर ढह गई। हादसे की सूचना पर परिवार में रोना–पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक पारा दधिबल तिवारी के मुताबिक, छात्रा पलक शर्मा पंडित दीन दयाल कॉलेज में पढ़ती थी। सोमवार शाम को कॉलेज से छात्रवृत्ति फॉर्म भर कर लौट रही थी। तभी पास में स्थित जर्जर दीवार भरभराकर ढह गई। इस दौरान दीवार के पास से गुजर रही पलक मलबे के नीचे दब गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से मलबा हटाकर छात्रा को बाहर निकाला और अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी सांसें थम गईं। दुर्घटना की सूचना पर उसकी मां सीता देवी बेहोश हो गईं और तबीयत बिगड़ गईं। पिता विवेक शर्मा का देहावसान हो चुका है। परिवार का रो–रोकर बुरा हाल था। छात्रा करीब 10 साल से अजय अवस्थी के यहां किराए के मकान में बाबा, दादी, मां और दो बहनों के साथ रह रही थी। एडीसीपी मनीषा सिंह के मुताबिक, दीवार काफी पुरानी थी। मामले की जांच की जा रही है। हादसे से इलाके में पसरा सन्नाटा हादसे में छात्रा की मौत से इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ था। बच्ची का व्यवहार बहुत ही मिलनसार था और बड़ों को सम्मान देती थी। स्थानीय निवासी राम औतार वर्मा के मुताबिक, दीवार के पास बच्चे खेलते थे। शुक्र है कि बच्चे नहीं खेल रहे थे। भगौती प्रसाद तिवारी ने बताया कि दीवार जर्जर हो चुकी थी। हादसे के कुछ देर बाद मालिक विवेक मल्होत्रा ने जेसीबी भेजकर खुदाई शुरू करवा दिया। इसके बाद दीवार बनवाने का काम शुरू हो गया। लोगों ने विरोध शुरू किया तो सभी वहां से भाग गए।

## सजने लगी है राजसूय यज्ञ की विराट यज्ञशाला

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना) : राष्ट्र को सशक्त, समर्थ तथा प्रजा को सुख–साधन संपन्न बनाने के उद्देश्य से मियागंज में आगामी 10 नवंबर से 14 नवंबर तक आयोजित राजसूय यज्ञ की विराट यज्ञशाला में विशेष आकार के कुण्ड निर्मित किए जा चुके हैं। रंगाई पुताई के साथ मंगलवार को यज्ञशाला को सजाने और संवारने का काम शुरू हो गया। यह जानकारी देते हुए संयोजक मुकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि जब–जब राजसूय यज्ञ हुआ, तब–तब अपना देश भारतवर्ष विश्व का सिरमौर बना। प्रजा सुखी हुई। महाभारत काल में धर्मराज युधिष्ठिर ने राजसूय यज्ञ किया था। रामायण काल में श्री रामचंद्र ने राजसूय यज्ञ किया था। राजसूय यज्ञ के परिणाम स्वरूप राम–राज्य में सभी सुखी थे। राजसूय यज्ञ समिति के प्रवक्ता अतुल कपूर ने बताया कि राजसूय यज्ञ में राजा अथवा राज्य सत्ता के प्रतीक प्रतिनिधि के रूप में विशेष कर्मकाण्डों को, विशिष्ट यजमान के रूप में, संपन्न कराने की प्राचीन वैदिक परिपाटी है। राष्ट्र को समर्पित इस राजसूय यज्ञ में सत्ता के प्रतीक प्रतिनिधि के रूप में क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर सहित अनेक लोक सभा, राज्य सभा, विधानसभा, ग्राम सभा, जिला पंचायत व नगर पंचायतों के अध्यक्ष तथा सदस्य भी राष्ट्र को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आहुतियां देंगे। इस सदी का पहला राजसूय यज्ञ कार्यक्रम प्रभारी बलवीर सिंह यादव ने बताया कि रामायण काल कथा महाभारत काल के बाद इस सदी में पहली बार राजसूय यज्ञ का यह विराट आयोजन उत्तर प्रदेश के मियां गंज (जनपद उन्नाव) में होने जा रहा है, जिसमें एक मंच पर राजतंत्र के गौरवशाली पदों पर आसीन प्रमुख प्रतिनिधि पूजन करेंगे। शासन सत्ता से जुड़े विभिन्न पदों पर आसीन प्रतिनिधि विराट यज्ञशाला में भूमिति, जयोमिति तथा वास्तु शास्त्र के आधार पर निर्मित विशेष यज्ञ–कुंडों में श्रद्धा सहित आहुतियां देंगे। दूसरे मंच पर गायत्री तपोवन हरिद्वार व्यवस्थापक तथा मैनेजिंग ट्रस्टी श्यामवीर सिंह के निर्देशन में राजसूय यज्ञ की यज्ञ संसद के विद्वान यज्ञ का संचालन करेंगे। इसी मंच से धर्म तंत्र के प्रमुख संत तथा विविध धार्मिक संस्थाओं के प्रमुख धर्मगुरु राजतंत्र का मार्गदर्शन करेंगे। क्या हैं राजसूय यज्ञ की विशेषताएं प्रवक्ता अतुल कपूर ने राजसूय यज्ञ की विशेषताओं की जानकारी देते हुए कहा कि वैदिक मंत्रों से राजसत्ता के प्रतीक राज





सिंहासन, राजदंड तथा राष्ट्रध्वज के पूजन के साथ राजसूय यज्ञ प्रारंभ होगा। विराट यज्ञशाला में देव मंच के सामने द्वादश गणपति वेदी, नवग्रह मंडल वेदी, सर्वतोभद्र वेदी, सप्त ऋषि मंडल वेदी, चौसठ योगिनी वेदी व षोडश मातृका वेदी आदि विशिष्ट वेदिकाएं बनाई जा रही हैं। देव पूजन तथा विविध यज्ञीय कर्मकाण्ड के बाद विश्व शांति, राष्ट्र को प्रगतिशील बनाने हेतु, शत्रुवृत्ति के विनाश हेतु, अखिल विश्व के भरण–पोषण हेतु तथा संपूर्ण विश्व में प्यार, सहकार और मैत्री भाव बढ़ाने के लिए विशेष वैदिक मंत्रों के साथ निर्धारित विशिष्ट हवि सामग्री से आहुतियां दी जाएंगी। हमारा भारत देश विश्व का नेतृत्व करने में सक्षम हो, इसलिए राष्ट्र को समर्थ, जागृत व चेष्टावान बनाने के लिए विशेष स्वाहाकार मंत्राहुतियां दी जाएंगी। राष्ट्र के प्रतिभावान शिक्षकों, चिकित्सकों, वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों, सांसदों, विधायकों ग्राम प्रधानों, जिला एवं नगर पंचायत अध्यक्षों व जनसेवा–रत लोकसेवकों के लिए प्रतिभा प्रोत्साहन हेतु तथा उच्च पदों की प्राप्ति हेतु विशेष वैदिक मंत्रों से आहुतियां दी जाएंगी। राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, नागरिकों को ऐश्वर्यवान बनाने तथा प्रजा के सुख–साधनों में वृद्धि के लिए विशेष वैदिक मंत्रों से आहुतियां दी जाएंगी। वायु प्रदूषण तथा जल प्रदूषण दूर करने के लिए और बिगड़े हुए ऋतु चक्र के संशोधन के लिए विशेष आहुतियां दी जाएंगी। देश की जल सेना, थल सेना और वायु सेना को सशक्त बनाने के लिए विशेष आहुतियां दी जाएंगी। राजसूय यज्ञ से उत्पन्न ऊर्जा को सर्व कल्याण और राष्ट्र के समग्र विकास में नियोजित करने के लिए मौन तांत्रिक आहुति दी जाएगी।

## आंकड़ेबाजी से कम नजर आ रहे डेंगू मरीज : एलाइजा जांच में पॉजिटिव आने वालों को ही माना जा रहा पीड़ित

लखनऊ ब्यूरो : राजधानी लखनऊ में डेंगू तेजी से पैर पसार रहा है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग आंकड़ेबाजी में ही लगा है। अस्पतालों में कार्ड टेस्ट में पॉजिटिव आने वाले को डेंगू का मरीज मानकर इलाज किया जाता है, लेकिन विभाग एलाइजा जांच में पॉजिटिव आने वाले को ही अपनी सूची में शामिल कर रहा है। इतना ही नहीं इसी के आधार पर हॉट स्पॉट भी बनाए जा रहे हैं। ऐसे में डेंगू मरीज और हॉट स्पॉट दोनों कम नजर आ रहे हैं। डेंगू की शुरुआती जांच कार्ड टेस्ट से होती है। सरकारी अस्पतालों में भी इसकी रिपोर्ट पर इलाज शुरू हो जाता है। कार्ड टेस्ट में पॉजिटिव मिलने के बाद सैंपल राज्य लैब भेजा जाता है। कुछ निजी पैथोलॉजी भी इसकी एलाइजा जांच करती हैं। इसमें पॉजिटिव आने के बाद ही मरीजों को डेंगू पीड़ितों की सूची में शामिल किया जाता है। इस वजह से राजधानी में यह आंकड़ा काफी कम दिख रहा है। उधर, एलाइजा जांच में पॉजिटिव आने वालों के आधार पर ही विभाग हॉट स्पॉट बनाकर एंटी लार्वा का छिड़काव, फॉगिंग तथा सफाई अभियान चलाता है। लखनऊ में इस साल अब तक डेंगू के एक हजार के करीब पॉजिटिव केस मिल चुके हैं। हालांकि, एलाइजा टेस्ट में पॉजिटिव आने वालों को ही सूची में शामिल किए जाने से पिछले साल की तुलना में यह आंकड़ा अभी आधे के करीब ही पहुंचा है। पिछले साल इस समय तक डेंगू के 1800 केस मिले थे। हर मरीज को हॉट स्पॉट



मानकर कर रहे उपाय सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल का कहना है कि कार्ड टेस्ट शुरुआती जांच है, जिसमें डेंगू होने की पूरी तरह से पुष्टि नहीं हो पाती है। डेंगू की सही पहचान के लिए कार्ड टेस्ट में पॉजिटिव मिलने पर मरीज का सैंपल एलाइजा टेस्ट के लिए राज्य प्रयोगशाला भेजा जाता है। वहां पॉजिटिव आने पर मरीज को डेंगू पीड़ित माना जाता है। हर मरीज को ही हॉट स्पॉट मानकर उसके आसपास मच्छरों की रोकथाम के उपाय किए जाते हैं। अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों का इलाज हो रहा है। तापमान 20 डिग्री से नीचे आने पर मिलेगी राहत केजीएमयू के इंचार्ज संक्रामक रोग डॉ. डी हिमांशु का कहना है कि इस साल आखिरी और ज्यादा बारिश अक्तूबर में हुई। बारिश में देरी से डेंगू फैलाने वाले लार्वा पनप रहे हैं। दिन और रात का तापमान 20 डिग्री से नीचे आने पर डेंगू के मामले अपने आप कम हो जाएंगे। तब तक हमें मच्छर पनपने से रोकने का प्रयास करना चाहिए। एंटी लार्वा का छिड़काव इसमें अहम भूमिका अदा कर सकता है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## जीवन बीमा अभिकर्ताओं की गोष्ठी सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंधा निदेशक मनोज जैन की अध्यक्षता में होटल ग्रैंड जेबीआर गोमती नगर में जीवन बीमा अभिकर्ताओं की गोष्ठी में कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट



आशीष सिंह क्षेत्रीय प्रबंधक कानपुर विपिनेस तिवारी सहित तमाम अधिकारी उपस्थित रहे। श्री मनोज जैन ने ग्रामीण क्षेत्र में श्री राम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की विस्तार की नीतियों के बारे में जीवन बीमा अभिकर्ताओं को बताया। साथ ही साथ उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस जीवन बीमा में क्लेम रेश्यो लगभग 97: है जिसको हम आने वाले वर्षों में विशेष रुप से 100: लाने की कोशिश करेंगे। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लगभग 50 शाखाओं के साथ कार्यरत है और निकट भविष्य में शाखाओं की संख्या 100 करने की कंपनी की आगामी योजना है। तत्पश्चात प्रबंध निदेशक ने कंपनी के उत्कृष्ट शाखा प्रबंधकों, सेल्स मैंनेजनों एवं बीमा अभिकर्ताओं को सम्मानित किया।

## हिमाचल की जनता बनायेगी कांग्रेस की सरकार– प्रियंका गांधी

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : हिमाचल प्रदेश अन्तर्गत ऊना जिले के कांगड़ मैदान में भारी जनसैलाब के बीच परिवर्तन प्रतिज्ञा रैली को सम्बोधित करने पहुंची कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव/ प्रभारी उत्तर प्रदेश श्रीमती प्रियंका गांधी जी। कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीमती प्रियंका गांधी जी ने भारी जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हिमाचल प्रदेश के ऊना में भारी



जनसैलाब ने बता दिया है कि जनता पुरानी पेंशन, पांच लाख रोजगार, हर महिला को आर्थिक मदद और शिक्षा स्वास्थ्य के लिए वोट करने जा रही है। पहली ही कैबिनेट में पुरानी पेंशन और एक लाख रोजगार बहाल होगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता कांग्रेस की सरकार बनाने जा रही है। श्रीमती प्रियंका गांधी जी ने आगे कहा कि भाजपा के नेता लोगों को गुमराह कर रहे हैं। हिमाचल के लोग बीमार नहीं हैं जो उन्हें बार–बार दवाई ना बदलने की नसीहत दी जा रही है, बल्कि भाजपा सरकार बेकार है जिसमें पांच साल राज्य में घाटे, घोटाले का राज चलाया है और महंगाई, बेरोजगारी से हिमाचल वासियों को सताया है। हिमाचल की जनता ने तय कर लिया है कि युवाओं को बेरोजगार रखने वाली बीजेपी नहीं, रोजगार देने वाली कांग्रेस सरकार चाहिए। पुरानी पेशन छीनने वाली बीजेपी नहीं, ओपीएस लागू करने वाली कांग्रेस सरकार चाहिए। महंगाई लाने वाली बीजेपी नहीं ,महंगाई से राहत देने वाली कांग्रेस सरकार चाहिए।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**हार को जीत में बदलना हो तो अपनीं इच्छा को प्रभु इच्छा में मिला दो।**

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# क्षमता निर्माण हो हमारी प्राथमिकता

सरकारी योजनाओं को कम करने और उनकी फंडिंग में कटौती करने के बजाय सरकार को इन्हें वाजिब आकार देना चाहिए। जीएसटी सुधार के बाद राजकोषीय मामलों में केंद्र–राज्य संबंध बदल गए हैं।

बीते तीन वर्षों में केंद्र सरकार की योजनाओं में से आधे से ज्यादा को या तो बंद कर दिया गया है या फिर उन्हें अन्य योजनाओं में शामिल कर लिया गया है। फरवरी, 2022 तक केंद्र सरकार की 130 योजनाओं में से 65 में सुधार या पुनर्निर्धारण किया गया और उनमें पांच अतिरिक्त योजनाएं जोड़ी गई हैं। सभी मंत्रालयों में इसका अलग–अलग असर पड़ रहा है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की 19 योजनाओं में से महज तीन बची हैं– मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य और सक्षम आंगनवाड़ी/पोषण 2.0।

ऐसे ही पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने 12 योजनाओं को घटाकर सिर्फ दो कर दिया है। इसके अलावा मंत्रालय ने सहकारिता के जरिये डेयरी, राष्ट्रीय डेयरी योजना–II सरीखी तीन योजनाएं बंद कर दी है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने अपनी योजनाओं को 20 से घटाकर तीन कर दिया है, जबकि जैविक खेती की राष्ट्रीय परियोजना या राष्ट्रीय कृषि वानिकी परियोजना के बारे में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। क्या इससे बेटर गवर्नेंस के बजाय लेस गवर्नेंस की स्थिति नहीं जाहिर होती? जिन योजनाओं का अस्तित्व बरकरार भी है, उनके आगे फंड की कटौती और राशि के सदुपयोग जैसी चुनौतियां हैं।

जून, 2022 तक केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के लिए 1.2 लाख करोड़ रुपये बैंक में पड़े हुए थे। सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा में सुधार और आर्थिक–सामाजिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए परियोजनाओं के वित्तपोषण पर ध्यान देने के साथ निर्भया कोष 2013 में शुरू किया गया था। इसके लिए 2013 और 2016 के बीच सालाना 1,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया, पर इसमें से ज्यादातर पैसे का कोई इस्तेमाल नहीं हुआ।

निर्भया फंड को वित्त वर्ष 2021–22 तक 6,214 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, पर वास्तव में केवल 4,138 करोड़ रुपये ही वितरित किए गए और उसमें से मात्र 2,922 करोड़ रुपये का उपयोग हुआ। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को 660 करोड़ रुपये का वितरण किया गया, पर जुलाई, 2021 तक मात्र 181 करोड़ रुपये का उपयोग किया जा सका। राज्यों में विभिन्न प्रकार की महिला केंद्रित विकास योजनाओं को दरकिनार या बंद किया जा रहा है। जबकि सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं को लगातार जोखिमों का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों को भी नहीं बख्शा गया है। उर्वरक सब्सिडी में पिछले कुछ वर्षों में लगातार गिरावट आई है। वित्त वर्ष 2020–21 में उर्वरकों पर वास्तविक सरकारी खर्च 1,27,921 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। वित्त वर्ष 2021–22 के बजट में आवंटन 79,529 करोड़ रुपये था, जिसे बाद में महामारी के कारण संशोधित कर 1,40,122 करोड़ रुपये कर दिया गया। वित्त वर्ष 2022–23 के बजट में आवंटन 1,05,222 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2011–22 में संशोधित अनुमानों की तुलना में एनपीके उर्वरकों का आवंटन 35 फीसदी कम था।

कटौती तब हुई है, जब यूक्रेन युद्ध से उर्वरक की कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई है। इससे उर्वरक की कमी हुई और किसानों का विरोध बढ़ा। ग्रामीण गरीबों की भी उपेक्षा हुई है। इस साल मनरेगा का आवंटन 25 फीसदी घटाकर 73,000 करोड़ रुपये रखा गया। इस बीच, आर्थिक सर्वेक्षण से पता चला कि इस योजना की मांग महामारी से पहले की तुलना में अधिक थी, क्योंकि ग्रामीण संकट जारी था। अध्ययनों से यह तथ्य सामने आया है कि मनरेगा के लिए वास्तविक धन वितरण में अक्सर देरी हुई है, जिससे योजना के प्रति विश्वास डिगा है।

ग्रामीण गरीबों को तत्काल रोजगार और आजीविका के अवसर प्रदान करने के लिए गरीब कल्याण रोजगार अभियान 20 जून, 2020 को 125 दिनों की अवधि के लिए शुरू किया गया था। इसके तहत 39,293 करोड़ रुपये के कुल खर्च पर रोजगार प्रदान किया गया। अलबत्ता इसके लिए 50,000 करोड़ रुपये का घोषित बजट था। ध्यान रखना चाहिए कि इस योजना में 15 अन्य योजनाओं को शामिल किया गया है। अनौपचारिक नौकरियों की तलाश करने वाले छह से 10 करोड़ प्रवासी श्रमिकों के लिए ऐसी योजना पर्याप्त नहीं थी।

लिहाजा ऐसी योजना का विस्तार किया जाना चाहिए था। हम उन लाखों लोगों के लिए रोजगार कैसे बढ़ाएंगे, जिन्हें कारखानों और सेवा क्षेत्र में नियोजित नहीं किया जा सकता? स्वास्थ्य कर्मी भी अब बजट कटौती की चपेट में आ रहे हैं। मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा), जो सरकार द्वारा किसी भी स्वास्थ्य देखभाल योजना की अग्रिम पंक्ति हैं, हड़ताल पर जाने को मजबूर हैं। तपिश और बारिश में काम करते रहने के बावजूद इनमें से अनेक लोगों ने वेतन में छह महीने तक की देरी देखी है। इनमें से अनेक की नौकरी स्थायी नहीं है, उनकी मजदूरी और मानदेय न्यूनतम स्तरों पर अटके हुए हैं।

कोविड–19 महामारी के दौरान उनके योगदान को महत्व देते हुए उन्हें ईएसआईसी और ईपीएफ लाभ दिया जाना चाहिए। इस दौरान जैव विविधता की भी गंभीर अनदेखी की गई है। कूनो में चीतों के आने को छोड़ दें, तो पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत वन्यजीव आवास के विकास के लिए वित्त पोषण में पिछले कुछ वर्षों में काफी कटौती की गई है। इसे 2018–19 में 165 करोड़ रुपये से घटाकर 2019–20 में 124.5 करोड़ रुपये और 2020–21 में 87.6 करोड़ रुपये कर दिया गया। प्रोजेक्ट टाइगर के लिए भी आवंटन 2018–19 में 323 करोड़ रुपये से घटाकर वित्त वर्ष 2020–21 में 194.5 करोड़ रुपये कर दिया गया।

अगर फंडिंग में कटौती जारी रही, तो हम अपने जलवायु परिवर्तन दायित्वों को कैसे पूरा करेंगे? सरकारी योजनाओं को कम करने और उनकी फंडिंग में कटौती करने के बजाय सरकार को इन्हें वाजिब आकार देना चाहिए। जीएसटी सुधार के बाद राजकोषीय मामलों में केंद्र–राज्य संबंध बदल गए हैं। हमारी सार्वजनिक सेवाओं में अधिक डॉक्टरों, शिक्षकों, इंजीनियरों के साथ कुछ डाटा क्लर्कों की जरूरत होती है। हमें कुशल सिविल सेवा के लिए क्षमता निर्माण करने की आवश्यकता है, जिससे भ्रष्टाचार मुक्त कल्याण तंत्र बनाने और आधुनिक अर्थव्यवस्था चलाने जैसी चुनौतियों का सामना किया जा सके। सरकारी योजनाओं में कटौती के बजाय हमें अपनी आकांक्षाओं को बेहतर सार्वजनिक सेवा वितरण की ओर बढ़ाना चाहिए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## सरिया लूटता था यूट्यूब सिंगर फरमानी नाज का भाई : पिता और जीजा के साथ मिलकर वारदात को देता था अंजाम

मेरठ ब्यूरो : सरिया लूटने के मामले में मुजफ्फरनगर के मोहम्मद लोहड्डा निवासी यूट्यूबर फरमानी नाज के भाई अरमान सहित आठ लोगों को सरधना थाना पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर दो क्विंटल सरिया बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक इस गिरोह ने टेहरकी गांव स्थित निर्माणाधीन टंकी सहित कई जगहों से सरिया लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। इस गिरोह में फरमानी के पिता आरिफ और जीजा इरशाद भी शामिल बताए गए हैं। उनकी तलाश जारी है। एसएसपी रोहित सिंह सजवाण के मुताबिक करीब एक महीने पहले टेहरकी गांव में बन रही पानी की टंकी पर चौकीदार को बंधक बनाकर सरिया लूटा गया था। बदमाश चौकीदार का मोबाइल भी लूटकर ले गए थे। सरधना पुलिस ने जांच की तो कुछ लोगों के नाम सामने आए। रविवार रात सूचना मिली कि सरिया लूट गिरोह के सदस्य खिर्वा जलालपुर में वारदात करने जा रहे हैं। तभी पुलिस ने घेराबंदी करके कंकरखेड़ा निवासी अनुज, मोनू, शाकिर, इरशाद, शाहरुख, टेहरकी गांव सरधना निवासी फिरोज और मोहम्मदपुर लोहड्डा मुजफ्फरनगर निवासी अरमान को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर लूटा गया सरिया भी बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार वारदात में फरमानी नाज के पिता आरिफ




और जीजा इरशाद भी शामिल हैं। यूट्यूबर फरमानी का भाई अरमान और जीजा इरशाद गिरोह को चला रहे थे। चोरी और लूट के सरिया को आरिफ ठिकाने लगा रहे थे। पुलिस ने इन दोनों को भी नामजद कर लिया। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आठ आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दिया, जहां से उनको जेल भेजा गया है। फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए मुजफ्फरनगर में भी कई जगह दबश दी गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। सरधना में सरिया लूट का बड़ा गिरोह सरधना में सरिया लूट का बड़ा गिरोह सक्रिय है। एक साल पहले तत्कालीन एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने पुलिस टीम बनाकर छापा लगवाया था। यहां से भाजपा नेता के करीबी के रिश्तेदार समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया गया था। सह गिरोह कई साल से ट्रकों से सरिया चोरी करके दूसरी जगहों पर सप्लाई करता था।

## कदौझा के राजकीय इंटर कॉलेज में हुआ कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ

बागपत उत्तर प्रदेश विवेक जैन : जहानगढ़ उर्फ दौझा गांव के राजकीय इण्टर कॉलेज में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत विश्व विकास संकल्प संस्थान द्वारा आयोजित निशुल्क व रोजगारपरक कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ हुआ। कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन 1857 ईसवी की क्रांति के महान क्रांतिकारी मिटठलमल बली के वंशज व दूरसंचार मंत्रालय भारत सरकार के सलाहाकार प्रदीप गुर्जर बली, जिला विद्यालय निरीक्षक बागपत रविन्द्र सिंह, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री केपी मलिक के पुत्र साहिल मलिक ने माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर व फीता काटकर किया। राजकीय विद्यालय परिवार एवं विद्यालय प्रबन्धन एवं विकास समिति ने कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों का तिलक लगाकर, फूलमाला पहनाकर, चादर व शॉल औढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दूरसंचार मंत्रालय भारत सरकार के सलाहाकार प्रदीप गुर्जर बली सहित अनेकों वक्ताओं ने कौशल विकास प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और और रोजगारपरक प्रशिक्षण की दिशा में गंभीरता से कार्य करने के लिए योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार व भारत सरकार की जमकर सराहना की। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य नितिन कुमार शास्त्री



ने स्कूल की उपलब्धियां गिनाई और कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का अभिनन्दन किया। राजकीय विद्यालय परिवार एवं विद्यालय प्रबन्धन तथा विकास समिति ने कार्यक्रम में आने वाले समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुनील कुमार भड़ाना ने की। इस अवसर पर हुक्म सिंह, तसवीर सिंह चपराणा चेयरमैन यूपीएसडीएम, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बागपत की प्रधानाचार्य डॉ प्रीति शर्मा, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार व प्रमुख सामाजिक कार्यकर्त्ता विपुल जैन, सुशील कुमार त्यागी, मास्टर रामनिवास प्रधान नंगला–पोईस सहित सैकड़ों की संख्या में स्कूल के विद्यार्थी एवं स्कूल का स्टॉफ उपस्थित था।

## ओवरलोड गन्ने के ट्रकों के कारण लग रहा जाम : मुनाफे के लालच में चालक भरते हैं क्षमता से अधिक वजन

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना) डीएससीएल हरियावा शुगर मिल में पेराई सत्र शुरू होते ही गन्ने के ओवरलोड ट्रक कस्बावासियों सहित यातायात व्यवस्था के लिए जी का जंजाल बने हुए हैं। बस स्टैंड ,सल्लिया तिराहा ,गोपामऊ चुंगी व बूढ़ा गांव रोड पर ओवरलोड ट्रक लोगों के लिए जानलेवा बने।गन्ना लदे ओवरलोड ट्रक पिछले वर्ष लगभग आधा दर्जन से अधिक लोगों जाने ले चुके है। उससे पूर्व में भी कई बड़े हादसे में लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। परंतु इस वर्ष भी प्रशासन किसी भी हादसे को लेकर आंख मूंद कर बैठा हुआ है। डीएससीएल हरियावा शुगर मिल में पेराई सत्र शुरू होते ही क्षेत्र के विभिन्न गांव के किसानों से लिया गया गन्ना ट्रकों द्वारा गन्ना मिल में पहुंचाया जाता है। नियम विरुद्ध तरीके से गन्ने से लदे ओवरलोड वाहन आम लोगों के जीवन के लिए खतरा बन रहे हैं। गन्ने से लदे ओवरलोड वाहन आम आदमी के जीवन के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। वहीं, ट्रॉली का संचालन अवैध रूप से किया जा रहा है। वहीं, ट्रक भी गन्ना ढो रहे हैं। इनमें से अधिकतर की न तो फिटनेस है और न ही कागजात आदि पूरे होते हैं। इन गन्ने से लदे ओवरलोड वाहनों से दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसके बावजूद अधिकारी इस ओर से आंखे मूंदे बैठे हैं। क्रय केंद्रों से गन्ना मिलों तक पहुंचाने के लिए ट्रक एवं ट्रॉली आदि का इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि ट्रॉली का संचालन अवैध ढंग से किया जा रहा है। इन ओवरलोड ट्रॉली से आए दिन जाम की समस्या रहती है। वहीं, गन्ना ढोने वाले ट्रकों के कागजात आदि की जांच नहीं की जाती है



और न ही समय से फिटनेस कराते हैं। ट्रकों के लिए गन्ना लादने के मानक निर्धारित हैं। छोटे ट्रक में 150 कुंतल तथा बडेध ट्रक में 180 कुतंल गन्ना ही लादा जा सकता है। हालांकि गन्ना ढोने में लगे वाहनों का भुगतान भार के अनुसार होता है। जिस कारण इन वाहनों में निर्धारित मानकों से अधिक गन्ना भरा जाता है। जिस कारण से अनियंत्रित होकर हादसे का सबब बनते हैं। क्षमता से अधिक लोड से सड़कों को नुकसान ओवरलोड वाहन सड़कों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसके चलते सड़कें समय से पहले ही टूट जाती हैं। जिस कारण संबंधित विभाग को नुकसान पहुंचता है। हालांकि गन्ने के ओवरलोड से सरकार को किसी तरह का अतिरिक्त टैक्स आदि नहीं मिलता है। ओवरलोड वाहन का संतुलन बनाने में भी चालक को अतिरिक्त मशक्कत करनी पड़ती है। इतना ही नहीं इससे हादसे की आशंका भी बढ़ जाती है। इस संबंध में एडिशनल एसपी दुर्गेश कुमार सिंह व कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी ने कहा कि शीघ्र ही वाहन चेकिंग कर ओवरलोडेड व बगैर फिटनेस के चलने वाले ट्रकों पर कार्रवाई की जाएगी

## हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया जगत गुरु साहिब श्री गुरू नानक देव का प्रकाश उत्सव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जगत गुरु साहिब श्री गुरू नानक देव जी महाराज का प्रकाश उत्सव (जन्मोत्सव) ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव जी नाका हिंडोला की ओर से डी0ए0वी0 इण्टर कालेज ऐशबाग रोड, लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री अखण्ड पाठ साहिब जी की समाप्ति के पश्चात् पाँच प्यारों की अगुवाई में समूह साध संगत द्वारा श्री गुरूग्रन्थ साहिब जी की शाही सवारी को शबद कीर्तन गायन करते हुए गुरूद्वारा साहिब से नाका हिण्डोला होते हुए डी0ए0वी0 इण्टर कालेज ऐशबाग रोड में सजे पंडाल में ले जाया गया। भव्य पंडाल बहुत खूबसूरती से सजाया गया था,जिसमें फूलों से सुसज्जित भव्य स्टेज पर श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी का प्रकाश किया गया। रागी जत्था भाई सुरजीत सिंह खालसा जी द्वारा पवित्र आसा–दी–वार का अमृतमयी कीर्तन से कार्यक्रम आरम्भ हुआ। बहुत सुबह से ही लखनऊ एवं आस–पास के इलाकों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु डी0ए0वी0 इण्टर कालेज में पहुँचने लगे तथा पक्तियों में खडेध होकर श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी के दर्शन के पश्चात अपना स्थान ग्रहण कर गुरूबाणी का रसपान किया। आकाशवाणी लखनऊ केन्द्र द्वारा आधे घन्टे का सीधा प्रसारण करके प्रदेश भर की संगतों को कार्यक्रम का रसास्वादन कराया गया। श्री गुरू सिंह सभा के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने इस अवसर पर उपस्थित संगतों को प्रकाश पर्व की बधाई दी तथा बधाई संदेश आकाशवाणी लखनऊ द्वारा भी प्रसारित किया गया। विशेष रूप से पधारे भाई सुखवंत सिंह जी हजूरी रागी श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर वालों ने अपनी मधुरवाणी में कलि तारण गुरु नानक आइया।। शबद कीर्तन गायन कर समूह साध संगत को निहाल किया।पंथ प्रसिद्ध प्रचारक जसवंत सिंह परवाना जी ने साहिब श्री गुरू नानक देव जी के जीवन पर दिल को छू देने वाले विचार व्यक्त किये। रागी जत्था भाई गुरचरन सिंह जी रसिया पटियाला वालों ने गुर का शबद सतिगुर नानक प्रगटिआ मिटी धुंध जगि चानणु होआ।। शबद कीर्तन गायन कर संगतों को मन्त्रमुग्ध कर दिया। ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने गुरमत विचारों द्वारा कथा व्याख्यान किया। के0के0एन0एस0 गुरमत संगीत एकेडमी एवं सिमरन साधना परिवार के बच्चों एवं माता गुजरी सत्संग सभा,लखनऊ की सदस्याओं ने भी इस कार्यक्रम में शबद कीर्तन गायन किया। डी0ए0वी0 इण्टर कालेज में दिन भर गुरबाणी कीर्तन तथा गुरमत विचारों का कार्यक्रम



चला जिसका संचालन स0 कृपाल सिंह ऐबट, स0 सतपाल सिंह मीत ने किया। समागम में लंगर के वितरण की सेवा सिख यंग मेन्स एसोसियेशन एवं दशमेश सेवा सोसाइटी द्वारा की गयी। कई स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संगत की सेवा आइसक्रीम, चाय काफी, ब्रेड, छोले, जलेबी, कड़ी चावल, गन्ने के रस की खीर आदि अनेक तरह के व्यंजनों के स्टाल लगाकर की गई। लंगर पकवाने एवं वितरण की व्यवस्था स0 हरमिन्दर सिंह टीटू, तजिन्दर सिंह एवं कुलदीप सिंह सलूजा की इंदर जीत सिंह देखरेख में हुई। दिन के 11.30 बजे से गुरू का लंगर संगत में वितरित किया गया,जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने लंगर ग्रहण किया। अरदास के उपरान्त उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर श्री गुरू सिंह सभा के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने सभी सिख संगठनों/जत्थेबन्दियों सिख सेवक जत्था पंजाबी यूथ एसोसियेशन एवं प्रशासन को गुरू जी की कृपा ''सिरोपा तथा शील्ड'' भेंट कर सम्मानित किया। गुरू महाराज का आर्शीवाद प्राप्त करने के लिये मा0 योगी आदित्य नाथ जी मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, डा0 दिनेश शर्मा पूर्व उपमुख्यमंत्री उ0 प्र0 सरकार, मा0 ब्रजेश पाठक उपमुख्यमंत्री उ0 प्र0 सरकार, श्रीमती संयुक्ता भाटिया महापौर विधायक राजेश्वर सिंह सांसद और केंद्रीय मंत्री श्री कौशल किशोर योगेश शुक्ला विधायक नीरज बोरा विधायक सरदार परविंदर सिंह सदस्य उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग तथा कई राजनीतिक दलों के नेता एवं सरकार के प्रतिनिधि तथा कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित हुए, उन्हें भी अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने सिरोपा देकर सम्मानित किया। प्रबंधक कमेटी के तरनजीत सिंह मक्कड़ ने बताया कि ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु नानक देव जी, नाका हिंडोला की स्थापना के 125 वर्ष पूर्ण होने पे 08 नवंबर 2022 को डी.ए.वी. इंटर कॉलेज, ऐशबाग रोड में रात्रि 7.30 से 9.30 बजे तक ताल गुरु प्रोडक्शन, पटियाला द्वारा श्री गुरु नानक देव जी के जीवन पर आधारित स्टेज लाइट एवं लेजर शो के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन भी किया जिसमें पटियाला से आई ताल गुरु प्रोडक्शन की टीम और कलाकारों ने गुरु नानक देव जी महाराज की शिक्षाओं के ऊपर आधारित लेजर और स्टेज शो को लखनऊ में पहली बार प्रदर्शित करते हुए लाइट एंड साउंड का बहुत प्रभावी ढंग से इस्तेमाल करके गुरु नानक देव जी महाराज की शिक्षाओं और उपदेशों को जन सामान्य को दिखा कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में सर्व धर्म और समाज के व्यक्तियों के अलावा बहुत से प्रशासनिक अधिकारियों के भी शामिल होने की संभावना है। समाप्ति के उपरान्त गुरु का प्रसाद वितरित किया जायेगा।

## गुरुनानक देव का जीवन देश धर्म और मानवता के कल्याण हेतु समर्पित था –अम्बरीष

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना) जनपद हरदोई और आसपास के विभिन्न इलाकों में आज गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसके लिए गुरुद्वारों,मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया। दिन में सभी गुरुद्वारों में शबद कीर्तन किया गया। भंडारे का आयोजन किया गया। दिनभर संगतों के गुरुद्वारा,मंदिरों में आने का सिलसिला जारी रहा। लोगों ने अरदास कर सुख–समृद्धि की कामना की।सभी लोग गुरु पर्व पर एक–दूसरे को बधाई देते रहे। शिव सत्संग मण्डल आश्रम हुसेनापुर धौकल में संगत पंगत कार्यक्रम में मण्डल केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने कहा कि ने सिख पंथ के संस्थापक और प्रथम गुरु गुरुनानक देव जी महाराज के पावन प्रकाश के पर्व के मौके पर हमें गुरुनानक देव जी के दिखाए मार्ग पर चलने के लिए तैयार रहना चाहिए। कहा कि गुरु नानक देव का अपना एक गौरवशाली इतिहास है। हम उनका स्मरण इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उनका जीवन देश,धर्म और मानवता के कल्याण के लिए पूरी तरह समर्पित था। बताया कि ईश्वर सर्वज्ञ, शाश्वत, सत्य है जो सृष्टि से पहले भी था। आज भी है और प्रलय के बाद भी रहेगा। गुरु नानक देव बचपन से ही दिव्यात्मा थे जो ध्यान, भजन, चिंतन, सत्य, अहिंसा, संयम और आध्यात्मिक विषयों में ही अधिक रुचि लेते थे। उनके जीवन की अनेक अलौकिक, असाधारण और चमत्कारिक घटनाएं हैं जो उनकी कर्म, भक्ति और ज्ञान साधना की महानता तथा अनासक्त भाव को प्रकाशित करती हैं। पाठशाला में वे शब्द के साधक बन अपने समय से बहुत आगे भविष्य को पढ़ रहे थे। परा विद्या से अक्षरों की वर्णमाला में उन्हें परमात्मा की एकता और उनके स्वरूप का रहस्य दिखाई देता था। उनकी आध्यात्मिक ऊंचाई को देख हिन्दू और मुस्लिम भी उनके शिष्य बन गए।हम सभी गुरु



नानक देव के संगत पंगत सिद्धांत पर समाज में खुशहाली का वातावरण सृजित कर सकते हैं।जीवन की सर्वोत्कृष्ट उपलब्धि परमेश्वर का साक्षात्कार करना है, अन्य नहीं।इसलिए सेवा,सत्संग और सुमिरन करें तथा समग्र जीवन को सफल बनाएं। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक प्रार्थना से हुआ।इस अवसर पर मंडलाध्यक्ष आचार्य अशोक, शिक्षक नेता प्रभाकर बाजपेई,आर एस एस के विद्यार्थी विस्तारक ध्यान वर्धन सिंह,संजीव चौरसिया,संजय अग्निहोत्री,सत्यम,यमुना प्रसाद,अनुराग श्रीवास्तव,ध्रुव तिवारी, अजय कुमार गुप्ता,प्रभाकर बाजपेई स्वामी शांतानंद,योग प्रशिक्षक सत्यम समेत अनेक सत्संगी जन मौजूद रहे।

### बालाजी सरकार का कल से तीन दिवसीय जागरण

आर एल पाण्डेय गोण्डा । श्री मेंहदीपुर बालाजी परिवार के तत्वावधान में आगामी 10 से 12 नवंबर तक तीन दिवसीय मानस पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम – जागरण एवं सवामणी भंडारा का आयोजन स्टेशन रोड पर कोतवाली के सामने स्वर्गीय पंडित सिंह के आवासीय परिसर में किया जा रहा है। आयोजन के प्रमुख सहयोगी जगत अग्रवाल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 10 नवंबर को कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:00 बजे से रामचरितमानस के पाठ से होगा। उसी दिन अपराहन 1:00 बजे मालवीय नगर स्थित पुरानी हनुमानगढ़ी मंदिर से भव्य निशान शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा बड़गांव बाजार स्थित मैदानी बाबा आश्रम पहुंच कर वापस आयोजन स्थल पर संपन्न होगी। 11 नवंबर को प्रातः मानस पाठ की पूर्णाहुति के बाद शाम 7:00 बजे से भव्य जागरण एवं झांकी का आयोजन किया गया है। जागरण में कोटा के ट्विंकल शर्मा दिल्ली से रामकुमार लक्खा एवं स्थानीय रोहित शर्मा सांस्कृतिक संध्या के मुख्य आकर्षण होंगे। 12 नवंबर को दोपहर 12:00 बजे से सवामणी भंडारा एवं झांकी का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन मण्डल की ओर से सभी श्रद्धालुओं से आयोजन व निशान यात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

## जिलाधिकारी द्वारा 50 लाख से अधिक लागत की परियोजना एवं अन्य निर्माण से सम्बंधित की गयी मासिक समीक्षा बैठक

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत की परियोजना एवं अन्य निर्माण से सम्बंधित मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया कि जितने भी कार्य हैं उनको समय से पूर्ण किया जाए जो ठेकेदार कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं उन पर विशेष नजर रखी जाए तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाए। सीवरेज के कार्य मे प्रगति अत्यंत धीमी पाई जिसपर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम सचिन सिंह को निर्देशित किया गया कि सीवर लाइन डालते समय जिन सड़कों को खोदा गया है, उन्हें तत्काल ठीक कराएं। जहाँ खुदाई की जा रही है वहाँ कार्य प्रगति पर है लिखा हुआ बोर्ड लगाए। खुदाई वाले स्थान पर नियमित रुप से पानी का छिड़काव नही कराने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी की सड़कों को खोदने के बाद मानक के अनुरूप नहीं बनाए तो एफआईआर दर्ज कराए। कार्यदाई संस्था पर्यावरण को बचाने के उपाय नहीं कर रही है जिसके लिए पर्यावरण प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड को पत्र लिखने के निर्देश दिए। सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट का कार्य 15 दिसंबर तक कार्य पूर्ण करना था अभी 02 नाले ही टैप किये गये है जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्यवाही के लिए प्रमुख सचिव को पत्र लिखने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी के सख्त निर्देश दिया कि टीडी कालेज वाली रोड 07 दिन के भीतर बन जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि खोदी हुई सड़को की सूची लेकर पीडब्ल्यूडी से सत्यापन कराये की मानक के अनुरूप बनी है कि नही अन्यथा की दशा में सम्बंधित कंपनी पर एफआईआर दर्ज कराए। बेलावापुल फरवरी 2022 तक पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि सभी सेतु पर कार्य प्रारंभ करा दिया जाए। जिन परियोजनाओं पर कार्य पूर्ण हो चुका है उन्हें संबंधित विभाग को हैंडोवर करा दिया जाए और जिन परियोजनाओं पर धनराशि के अभाव में वर्तमान में कार्य बाधित है धनराशि की मांग हेतु शासन में पत्र जिलाधिकारी महोदय की तरफ से प्रेषित किया जाए। सभी कार्यदाई संस्था निर्धारित समय के अंतर्गत अपने कार्य को पूर्ण कराएं जितना भी माइलस्टोन माह में पूर्ण कराना था उन्हें शत–प्रतिशत पूर्ण करा दिया जाए ताकि समय से परियोजना का कार्य पूर्ण कराया जा सके। माननीय मुख्यमंत्री जी के घोषणा के अंतर्गत जितने भी परियोजनाएं हैं उन्हें मजदूरों की संख्या बढ़ाकर समय से पूर्ण कराया जाए इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी परियोजनाओं के गुणवत्ता की जांच थर्ड पार्टी से कराई जाए तथा प्रत्येक परियोजना के लिए एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए। आर एन एन भदोही के द्वारा 100 बेड अस्पताल बनाया जाना है, और संस्था के द्वारा कार्य शुरू न करने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आरएनएन के एमडी को पत्र लिखकर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू कराए। निर्माण कार्य चल रहे है उनकी टीमें बनाकर सत्यापन कराए। 15 नवंबर तक सड़को को गाइडलाइंस के हिसाब से गड्ढा मुक्त कराये। जिलाधिकारी ने कहा कि पराली जलाई गयी तो संबंधित लेखपाल, सचिव, ग्राम प्रधान के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं सीलम तेजा, पी.डी जेयकेश त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विकास भवन सभागार में बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की समीक्षा की। लंपी बीमारी से बचाव हेतु पशुओं को शत–प्रतिशत टीका लगाए जाने के निर्देश दिए। पीएम किसान सम्मान निधि योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपनिदेशक कृषि को निर्देश दिया कि जितने भी अपात्र मिले है, उनसे वसूली की कार्यवाही की जाएं। सिल्ट सफाई की समीक्षा के दौरान अधीक्षण अभियंता सिंचाई द्वारा बताया गया कि 07 दिन के भीतर सिल्ट सफाई का कार्य शुरू हो जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा की जनप्रतिनिधियों को भी सूचित कर दे। खाद बीज की उपलब्धता के सम्बंध में जानकारी ली और निर्देश दिया कि खाद उपलब्ध रहे और वितरण में विशेष ध्यान दिया जाए। कृषि में आय दोगुनी के लिए किए गया कार्य का प्रस्तुतिकरण बनाये। ईयर टैगिंग 20 प्रतिशत अवशेष है जिसे पूर्ण कराये। सीएमओ सविंदा के चिकित्सकों को भर्ती कराये। जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड के प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिया कि अवशेष लोगो का कार्ड बनवाया जाए। सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि जितने भी गोल्डेन कार्ड धारक है उनके परिवार के अन्य सदस्यों को जोड़ा जाएं और गोल्डन कार्ड की संख्या बढ़ाये। सीएमओं नवजात शिशुओं की मृत्यु की ऑडिट कराये। अस्पताल में सभी प्रकार की दवाई उपलब्ध रहे। सभी एम्बुलेंस का भौतिक सत्यापन जिला स्तरीय अधिकारियों से करा लें और कमियों को दूर कराएं। शत–प्रतिशत टीका लग जाये। सामुदायिक शौचालय की समीक्षा की और निर्देश दिया कि अभियान चलाकर कार्य पुर्ण कराए। सभी बीडीओ निरीक्षण कर देख ले और निर्माण कार्य पूर्ण करा लें और समुहों को आवंटित कर दे। सचिवालय शत–प्रतिशत संचालित हो। पंचायत सहायक समय से बैठे। रिक्त कोटे की दुकानें जल्द जल्द आवंटित कराये। समाज कल्याण अधिकारी, दिव्यंगजन कल्याण अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी को पेंशन का सत्यापन एवं आधार प्रमाणीकरण में लापरवाही के कारण स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए।

## ज्ञानवापी में शिवलिंग की पूजा की मांग के आवेदन पर सुनवाई टली : अगली तारीख 14 नवंबर

वाराणसी ब्यूरो : ज्ञानवापी मस्जिद और श्रृंगार गौरी मामले से संबंधित एक प्रकरण में आज सुनवाई नहीं हो सकी। सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट महेंद्र कुमार पांडेय के अवकाश पर रहने के कारण किरन सिंह की तरफ से दाखिल वाद में मंगलवार को भी आदेश नहीं हो सका। अब आदेश के लिए 14 नवंबर की तिथि नियत की गई है। यह मामला सुनवाई योग्य है या नहीं, इस मुद्दे पर आदेश आना है। बीते 15 अक्तूबर को अदालत में दोनों पक्षों की दलीलें पूरी हो गई थी। आदेश के लिए 27 अक्तूबर की तिथि नियत की गई थी और 18 अक्तूबर तक दोनों पक्षों को लिखित बहस दाखिल करने को कहा गया था। प्रकरण में वादिनी किरन सिंह की तरफ से ज्ञानवापी में मुस्लिमों का प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने, परिसर हिंदुओं को सौंपने और शिवलिंग की पूजा पाठ रागभोग की अनुमति मांगी गई है। मामले में ऑर्डर 7 रूल 11 पर पोषणीयता के बिंदु पर आदेश होना है। कोर्ट के आदेश से यह साफ होगा कि यह कि यह वाद सुनवाई योग्य है या नहीं। कोर्ट में दिए गए तर्क विश्व वैदिक सनातन संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह विसेन की पत्नी किरन सिंह ने यह वाद दाखिल किया है। जिसमें ज्ञानवापी परिसर में मुस्लिमों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने, पूरा ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को सौंपने और वहां मिले आदि विश्वेश्वर महादेव के कथित शिवलिंग की पूजा–अर्चना की मांग को लेकर दाखिल प्रार्थना पत्र सुनवाई पूरी हो चुकी है। 'जब ट्रायल होगा तभी पता चलेगा कि मस्जिद है या मंदिर' वादिनी के अधिवक्ता मानबहादुर सिंह, शिवम गौड़ और अनुपम द्विवेदी ने दलील में कहा था कि वाद सुनवाई योग्य है या नहीं, इस मुद्दे पर अंजुमन इंतजामिया की तरफ से जो आपत्ति उठाई गई है वह साक्ष्य व ट्रायल का विषय है। ज्ञानवापी का गुंबद छोड़कर सब कुछ मंदिर का है। जब ट्रायल होगा तभी पता चलेगा कि मस्जिद है या मंदिर। दीन मोहम्मद के फैसले के जिक्र पर कहा था कि कोई हिंदू पक्षकार उस मुकदमे में नहीं था। यह भी दलील दी थी कि विशेष धर्म स्थल स्थल विधेयक 1991 इस वाद में प्रभावी नहीं है। स्ट्रक्चर का पता नहीं कि मंदिर है या मस्जिद।



जब ट्रायल होगा तभी पता चलेगा कि मस्जिद है या मंदिर, जिसके ट्रायल का अधिकार सिविल कोर्ट को है। कहा था कि यह ऐतिहासिक तथ्य है कि औरंगजेब ने मंदिर तोड़ने और मस्जिद बनवाने का आदेश दिया था। वक्फ एक्ट हिंदू पक्ष पर लागू नहीं होता है। ऐसे में यह वाद सुनवाई योग्य है और अंजुमन की तरफ से पोषणीयता के बिंदु पर दिया गया आवेदन खारिज होने योग्य है। साथ ही राइट टू प्रॉपर्टी के तहत देवता को अपनी प्रॉपर्टी पाने का मौलिक अधिकार है। ऐसे में नाबालिग होने के कारण वाद मित्र के जरिए यह वाद दाखिल किया गया है। अदालत में वाद के समर्थन में सुप्रीम कोर्ट की 6 रूलिंग और संविधान का हवाला भी दिया गया है। मुस्लिम पक्ष की दलील वहीं मुस्लिम पक्ष यानि अंजुमन इंतजामिया मसाजिद की तरफ से मुमताज अहमद, तौहीद खान, रईस अहमद, मिराजुद्दीन खान और एखलाक खान ने कोर्ट में प्रतिउत्तर में सवाल उठाते हुए कहा था कि एक तरफ कहा जा रहा है कि वाद देवता की तरफ से दाखिल है। वहीं दूसरी तरफ पब्लिक से जुड़े लोग भी इस वाद में शामिल हैं। यह वाद किस बात पर आधारित है, इसका कोई पेपर दाखिल नहीं किया गया है और कोई सबूत नहीं है। कहानी से कोर्ट नहीं चलती, कहानी और इतिहास में फर्क है। जो इतिहास है वही लिखा जाएगा। साथ ही कानूनी नजीरे दाखिल कर कहा था कि वाद सुनवाई योग्य नहीं है और इसे खारिज कर दिया जाए। अखिलेश–ओवैसी मामले में भी आज आ सकता है आदेश ज्ञानवापी प्रकरण में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी सहित कई अन्य पर भड़काऊ बयान देने का आरोप लगा है। धार्मिक भावनाएं आहत करने के इस मामले में सभी लोगों पर मुकदमा दर्ज करने के लिए दाखिल प्रार्थना पत्र पर आज कोर्ट का आदेश आ सकता है।

## वक्फ संपत्तियों को कब्जा मुक्त कर बनाएंगे स्कूल और अस्पताल

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी दौरे पर पहुंचे योगी सरकार में पशुधन, दुग्ध विकास, राजनीतिक पेंशन, अल्पसंख्यक, वक्फ, हज और नागरिक सुरक्षा विभाग के मंत्री धर्मपाल सिंह ने बड़ा बयान दिया। मंगलवार सुबह सर्किट हाउस में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की वक्फ संपत्तियों को कब्जा मुक्त कराकर पार्क, अस्पताल और स्कूल बनाएंगे। इसके लिए



अल्पसंख्यक विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे ऐसी वक्फ की संपत्तियों को चिन्हित करें। इन पर कब्जा करने वालों को नोटिस दें। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार हाल ही में हुए सर्वे में वाराणसी में 99 गैर मान्यता प्राप्त मदरस सामने आए। जिलाधिकारी वाराणसी के निर्देश के क्रम में जनपद के 108 मान्यता प्राप्त एवं राज्यानुदानित मदरसों का भी सत्यापन किया गया। हुजूर के बच्चे ही हुजूर नहीं, बल्कि मजदूर के बच्चे भी हुजूर बनेंगे मंत्री धर्मपाल सिंह सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करने के बाद मीडिया से मुखातिब हुए। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के अनुरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अल्पसंख्यक छात्रों एक हाथ में कुरान तो दूसरे में लैपटॉप हो को ध्यान में रख मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को अब हिंदी, गणित, साइंस व सामाजिक विज्ञान आदि विषयों की शिक्षा दी जाएगी। जिससे कि वो भी आईएएस, पीसीएस, इंजीनियर और डॉक्टर बनें। सर्किट हाउस में मंत्री ने पत्रकारों से कहा कि दुग्ध नीति में बड़ा परिवर्तन किया गया है। खुद की पूंजी लगाकर डेयरी उद्योग लगाने वालों को 10 फीसदी का अनुदान दिया जाएगा। जबकि बैंक से कर्ज लेकर निवेश करने वालों को पांच प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा। मंत्री ने बताया कि लंपी वायरस पर रोकथाम के लिए सात मंडलों के 32 जिलों के पशुओं के अन्य जिलों में प्रवेश पर रोक लगाई गई।

## कैंसर के प्रति जागरुकता से बचेंगी लाखों जिंदगियां –प्रो. वंदना राय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बायो टेक्नोलॉजी विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वंदना राय ने कहा कि कैंसर एक बहुत खतरनाक बीमारी है। ये तेजी से भारत में पांव पसार रही है। इसी के रोकथाम और लोगों को जागरूक करन के की दृष्टि से भारत में हर साल 7 नवंबर को ''राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया जाता है। इस दिन कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े के अनुसार हर साल 5 में से 1 पुरुष और 11 में से 1 महिला की इससे मौत होती है। ब्रेस्ट कैंसर, प्रॉस्टेट कैंसर सबसे अधिक फैलने वाले कैंसर में से एक हैं। इन बातों को ध्यान में रखते हुए कैंसर अवेयरनेस डे का महत्त्व और भी ज्यादा बढ़ जाता है। प्रो राय ने कहा कि समय रहते इस घातक बीमारी को पकड़ने की जरूरत है। अगर शुरुआत में ही कैंसर का पता चल जाए तो काफी आसानी से इसे ठीक किया जा सकता है। इसका इलाज इसके स्टेज पर निर्भर करता है। कीमोथेरेपी, हार्मोन थेरेपी, इम्यूनो थेरेपी, रेडिएशन थेरेपी आदि जैसे इलाज के विकल्प कैंसर के इलाज में किए जाते हैं। उन्होंने बताया



कि पुरुषों में मुख कैंसर, फेफड़ों के कैंसर और महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर ज्यादा हो रहे हैं। उनका कहना है कि कुछ कारकों को ध्यान में रखते हुए, कैंसर को नियंत्रित किया जा सकता है। बेहतर होगा कि स्वस्थ आहार खाएं, धूम्रपान बंद करें, बेहतर जीवन शैली का पालन करें, नियमित व्यायाम करें, वजन नियंत्रित रखें और शराब का सेवन नहीं करें। उन्होंने बताया कि अगर आज एक व्यक्ति जागरूक हो जाए तो अपने परिवार को जागरूक कर सकता है। कार्यक्रम में प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो.ध्राजेश शर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय की छात्रा शरीयत फातिमा, प्राची, तनु, सरोजिनी आदि ने किया और धन्यवाद ज्ञापन श्वेता श्रीवास्तव ने किया।

## डीआरएम लखनऊ को भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव ने सौंपा ज्ञापन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। मण्डल रेल प्रबंधक . पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ को भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव ने ज्ञापन देकर समस्याओं की ओर आकृष्ट किया जिसमें प्रमुख रुप से 11 मांगे की गई – सरयू साकेत एक्सप्रेस जो मनकापुर से प्रयागराज तक जाती है उसका विस्तार गोण्डा तक किया जाए, जिससे यात्रीगण प्रयागराज से गोण्डा तक यात्रा कर सके। बहराइच से वाराणसी एवं वाराणसी से बहराइच वाया गोण्डा तक आने जाने वाली इण्टरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव शिवदयालगंज कटरा में करते हुए अविलम्ब संचालन शुरू किया जाए। गोण्डा कचेहरी रेलवे स्टेशन पर अधिवक्ताओं व्यापारियों, कर्मचारियों एवं छात्र / छात्राओं की सुविधा हेतु बाघ एवं अम्रपाली मेल एक्सप्रेस का ठहराव किया जाए। गोण्डा कचेहरी रेलवे स्टेशन का नाम अमर शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिडी के नाम पर किया जाए। मनकापुर जंक्शन पर यात्रियों की सुविधा हेतु बाघ एक्सप्रेस, अमरनाथ एक्सप्रेस तथा गोरखधाम एक्सप्रेस का ठहराव किया जाए। गोण्डा जंक्शन के अर्न्तगत खाली पड़ी जमीनों पर अविलम्ब व्यवसायिक केन्द्र बनाकर सेवानिवृत्त रेलर्मियों के आश्रितों को आवंटित किया जाएं गोण्डा, करनैलगंज, इटियाथोक, बभनान, मसकनवां समेत कई स्थानों पर रेलवे की जमीनों एवं कालोनियों पर बाहरी व्यक्तियों का कब्जा है उसे हटवाया जाए एवं कालोनियों की मरम्मत करवाई जाए। गोण्डा से नई दिल्ली एवं नई दिल्ली से गोण्डा



तक एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन शुरू किया जाए। सप्तक्रन्ति, सम्परक्रान्ति का ठहराव गोण्डा जंक्शन पर किया जाए। 12569 / 12570 इण्टरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव इटियाथोक जरवल रोड एवं बुढवल जं० पर ठहराव किया जाए। पूर्वोत्तर रेलवे के अर्न्तगत लगभग सभी प्रमुख स्टेशनों को आने जाने वाली सडक का दुरस्तीकरण समय–समय पर किया जाए।

## गुरु नानक जयंती के अवसर पर जिला कारागार निरुद्ध बंदियों ने किया योगाभ्यास –कारापाल कुलदीप भदौरिया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक देव के जन्मदिवस पर प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है! कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के स्वास्थ्य के लिए चल रहे दस दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन विशेष प्रकार का योगाभ्यास कराया गया! योग गुरु डॉक्टर ध्रुवराज ने आज कैदियों को कमर दर्द के लिए विशेष योगाभ्यास भुजंगासन, शलभासन, मर्कटासन ,पवन पवनमुक्तासन, सर्वांगासन ,हलासन ,सेतुबंध आसन का अभ्यास कराया गया!मानसिक बीमारियों के लिए ओम का उच्चारण, अनुलोम विलोम आदि का योगाभ्यास कराया गया! जेलर कुलदीप भदौरिया ने जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को गुरु



नानक देव से जीवन के विषय में प्रेरणा लेने के लिए और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने के लिए कहा जेल अधीक्षक ने कहा कि गुरु नानक देव जी का प्रमुख उद्देश्य प्रमुख उपदेश था कि किसी का भी हक नहीं मारना चाहिए !इसलिए सभी बंधुओं को आपस में मिलजुल कर के रहना चाहिए !जिला कारागार के शिक्षा अध्यापक प्रदीप अस्थाना ने गुरु नानक देव के बारे में कैदियों को विस्तार से बताया।

## अन्नकूट छप्पन भोग सीताद्वार श्रावस्ती में सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री सीता भू प्रवेश धाम ट्रस्ट एवम सनातन धर्म परिषद के तत्वावधान में श्रावस्ती जनपद के सीता भू प्रवेश धाम



सीताद्वार जनपद श्रावस्ती उत्तर प्रदेश में अन्नकूट छप्पन भोग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनेक स्थानों के श्रद्धालु भक्त जनों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया और भगवती सीता की पूजा तथा अर्चन वंदन किया। डॉ. स्वामी भगवदाचार्य अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ने अन्नकूट का महत्व बताया।

## पुरानी रंजिश में भाजपा नेता और परिवार पर जानलेवा हमला : ग्राम प्रधान सहित 12 के खिलाफ केस

गाजीपुर ब्यूरो : गाजीपुर के अधियारा गांव में रविवार की देर रात पुरानी रंजिश को लेकर सपा के एमएलसी पद के प्रत्याशी रहे व वर्तमान ग्राम प्रधान ने अपने समर्थकों संग भाजपा सुहवल मंडल के शक्ति केंद्र के संयोजक के घर पर हमला कर दिया। घटना में संयोजक उनकी पत्नी सहित परिवार के छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। संयोजक के भाई की हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उन्हें वाराणसी रेफर कर दिया। घायल की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम प्रधान सहित 12 के खिलाफ नामजद और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्जकर छानबीन शुरू कर दी। लाठी–डंडा और ईंट–पत्थर से लैस होकर पहुंचे हमालवर अधियारा गांव निवासी जय प्रकाश कुशवाहा भाजपा सुहवल मंडल के शक्ति केंद्र के संयोजक हैं। इनकी पत्नी सरिता कुशवाहा भाजपा मंडल सुहवल की मंत्री है। पति–पत्नी परिवार के साथ रात में घर पर थे। आरोप है इसी दौरान ग्राम प्रधान मदन यादव अपने समर्थकों के साथ रॉड, लाठी–डंडा और ईट–पत्थर से लैस होकर पहुंचे और हमला कर दिया। इस घटना में जय प्रकाश कुशवाहा, उनकी पत्नी सरिता कुशवाहा, भाई ओमप्रकाश कुशवाहा, बहन सुमन, मां भगवती देवी और पिता राजेंद्र कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने



ओमप्रकाश सिंह कुशवाहा की गंभीर हालत देखते हुए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। घायल जयप्रकाश कुशवाहा की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम प्रधान मदन यादव सहित उसके 12 समर्थकों पर नामजद और दस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्जकर छानबीन शुरू कर दी। घायल जयप्रकाश सिंह कुशवाहा ने बताया कि हमले से परिवार सहमा हुआ है। भाई को हमलावरों ने मारपीटकर अधमरा कर दिया। ग्राम प्रधान के कार्यकाल के दौरान कराए गए कार्यों की जांच उनके शिकायत पर हो रही थी, जिससे ग्राम प्रधान नाराज थे। पिछले दिनों शासन से गनर भी मिला था। गनर के हटते ही विपक्षियों ने ग्राम प्रधान मदन यादव के साथ मिलकर उनके परिवार पर हमला कर दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक तारावती यादव ने बताया कि घायल कीतहरीर पर ग्राम प्रधान समेत 12 नामजद एवं दस अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्जकर छानबीन की जा रही है।

## साड़ी में आग लगने से झुलसी नेपाल की महिला

वाराणसी ब्यूरो : कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए नेपाल के जनकपुर से काशी आई महिला के साथ हादसा हो गया। दशाश्वमेघ घाट पर स्नान के बाद दीपदान करते वक्त महिला के साड़ी में आग लग गई। आग लगते ही वो चीखने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने पानी आननफानन पानी डालकर आग को बुझाया। घटना में जनकपुर की महिला सोनावती (57 वर्ष ) झुलस गई। महिला को स्थानीय लोगों ने मारवाड़ी अस्पताल पहुंचाया। जहां तुरंत प्राथमिक उपचार किया गया। उपचार के बाद सोनावती को अभी अस्पताल में ही रखा गया है।



उसकी स्थिति सामान्य है। सोनवती 11 लोगों के ग्रुप में दर्शन, पूजन, कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए काशी आई है।

# कदम्ब का फल खाएं : आंखों की रोशनी बढ़ाएं : इविवि के शोध में किया गया दावा

प्रयागराज ब्यूरो : आमतौर पर कदम्ब के पेड़ का उपयोग कागज बनाने और लकड़ी के उद्योग में किया जाता है, लेकिन इसका फल पेड़ से भी अधिक उपयोगी है। इसमें दर्द निवारण की नेचुरल थेरेपी होती है और आंखों की रोशनी के लिए भी फायदेमंद है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) के भौतिक विज्ञान विभाग के शोध में यह दावा किया गया है। यह शोध टेलर एंड फ्रांसिस समूह के अंतरराष्ट्रीय जर्नल एनालिटिकल लेटर्स में चार नवंबर 2022 को प्रकाशित किया गया है। भौतिक विज्ञान विभाग के प्रो. केएन उत्तम के नेतृत्व में शोधार्थी छवि बरन, आराधना त्रिपाठी, अपर्णा तिवारी, आरती जायसवाल, सृष्टि शर्मा और ऐश्वर्या अवस्थी की ओर से किए गए इस शोध में कई ऐसे जैविक एवं रासायनिक तत्व और खनिज पाए गए हैं, जो सेहत के लिए काफी फायदेमंद हैं। कंफोकल माइक्रोरमन स्पेक्ट्रोस्कोपी तकनीक से हुए इस शोध में पता चला है कि कदम्ब का फल क्लोफिल, कैरोटेनॉइड, ट्राइटरपेंस, ट्राइटरपेनॉइड ग्लाइकोसाइड्स, फ्लेवोनोइड्स, सैपोनिंस, इंडोल एल्कलॉइड्स, टेनिन और आयरन, कैल्शियम, जिंक, कॉपर, मैग्नीशियम, कॉपर, पोटैशियम और मैगनीज जैसे खनिजों का समृद्ध स्नोत है। पेट में गैस से होने वाली जलन, आंखों की सूजन, बुखार, यूरिन इंफेक्शन, मलेरिया जैसी बीमारियों के नियंत्रण में यह काफी कारगर है। इसके उपयोग से घाव भी जल्दी भर जाता है। कच्चे फल के पकने तक पांच चरणों में हुए शोध के दौरान यह भी देखा गया कि शुरुआत में क्लोरोफिल बनता है, जो बाद में कैरोटेनॉइड में तब्दील हो जाता है। कैरोटोनॉइड एक



तरह का एंटी ऑक्सीडेंट हैं, जो विटामिन का भंडार है। आंखों की रोशनी के लिए इसे काफी फायेदमंद माना जाता है। प्रो. उत्तम ने बताया कि अत्यधिक पौष्टिक एवं औषधीय मूल्य होने के बावजूद जानकारी की कमी के कारण कदम्ब के फल का उपयोग बहुत कम किया जाता है। शोध में पता चला है कि फल के गूदे और इसकी ऊपरी सतह पर औषधीय गुणों का भंडार है। धूप से बचाव के लिए लगाते हैं पेड़ आमतौर पर लोग धूप से बचाव के लिए कदम्ब का पेड़ लगाते हैं। इस पेड़ की विशेष देखरेख की जरूरत नहीं पड़ती, सो सड़क किनारे भी कदम्ब का पेड़ लगा दिया जाता है। प्रो. उत्तम बताते हैं कि असिंचित भूमि में भी यह पेड़ आसानी से फलता–फूलता है और गर्मी में तेज धूप से बचाता है। यह आसपास के पेड़–पौधों की प्रतिरक्षा के काम में भी आता है। गोलाकार होता है फल कदम्ब का फल गोलाकार होता है। फल की सतह पर हल्के कांटे होते हैं। शुरुआत में यह फल गाढ़े हरे रंग का होता है। इसके बाद हल्के हरे, फिर हल्के पीले और पूरी तरह से पकने के बाद गाढ़े पीले रंग का हो जाता है। फल खराब होने की स्थिति में इसका रंग काला होने लगता है।

# खतौली विधानसभा उपचुनाव : चढ़ने लगी सियासी आस्तीन : दूसरी पारी में सात महीने विधायक रहे विक्रम सैनी

मुजफ्फरनगर ब्यूरो : मुजफ्फरनगर के खतौली से दूसरी बार भाजपा के विधायक चुने गए विक्रम सैनी की सदस्यता आखिरकार समाप्त कर दी गई। दूसरी पारी में वह सिर्फ सात महीने विधायक रहे। नौ साल पहले अपने गांव कवाल के झगड़े में पुलिस ने विक्रम सैनी को बलकटी के साथ गिरफ्तार किया था। दिलचस्प बात यह है कि सैनी अब तक एक भी चुनाव नहीं हारे हैं। खतौली के निवर्तमान विधायक विक्रम सैनी अपने बयानों के लिए हमेशा विवादों में रहे। कवाल में 29 अगस्त 2013 के सांप्रदायिक झगड़े में करीब नौ साल बाद 11 अक्तूबर को अदालत ने उन्हें दो साल की सजा सुनाई है। सैनी के सियासी सफर को लेकर कई दिलचस्प बातें भी है। कवाल में ग्राम पंचायत सदस्य के पद से अपनी सियासत की शुरूआत की। आरएसएस में सक्रिय हुए और इसके बाद पत्नी को प्रधान पद का चुनाव लड़ाया और जीत गए। मुजफ्फरनगर दंगे के मुकदमे में जेल गए, छूटकर आए तो जिला पंचायत सदस्य चुने गए। इसके बाद 2017 में पहली बार और 2022 में दूसरी बार विधायक बने। विक्रम सैनी ने जो भी चुनाव लड़ा, हमेशा जीत दर्ज की। 10 मार्च को चुनाव के नतीजे आए थे और 11 अक्तूबर को उनकी सदस्यता चली गई। उप चुनाव के लिए चढ़ने लगी सियासी आस्तीन एक तरफ विक्रम सैनी की सदस्यता चली गई तो दूसरी तरफ सियासी आस्तीनें भी चढ़ने लगी हैं। सैनी की रालोद अध्यक्ष जयंत सिंह पर की गई टिप्पणी के बाद रालोद नेताओं



ने खतौली में डेरा जमा लिया है, यहां 15 नवंबर को रालोद अध्यक्ष का रोड शो है। यही नहीं भाजपा नेता भी पूरे मामले पर निगाह रखे हुए हैं। चुनाव आयोग ने इस सीट पर 5 दिसंबर को उपचुनाव कराने का एलान किया है। जबकि मतगणना 8 दिसंबर को होगी। कुर्सी गई तो सामने आने लगे नए दावेदार भाजपा के निवर्तमान विधायक विक्रम सैनी की कुर्सी गई तो नए–नए दावेदार भी सामने आने लगे हैं। रालोद में टिकट की चाह रखने वाले सक्रिय हो गए हैं। इनमें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रमा नागर, अभिषेक गुर्जर, पूर्व सांसद राजपाल सैनी और संजय राठी के नाम अब तक सामने आ चुके हैं। उधर, भाजपा में विक्रम सैनी की पत्नी को चुनाव लड़ाए जाने पर चर्चा है। लेकिन संभावित दावेदारों में सुधीर सैनी, रुपेंद्र सैनी समेत अन्य नेताओं के नाम भी लिए जा रहे हैं। जिले में पहले भी हुए हैं उप चुनाव जिले में पहले भी उप चुनाव हुए हैं। रालोद में लंबे समय तक सक्रिय रही पूर्व मंत्री अनुराधा चौधरी के सांसद बन जाने पर खाली हुई बघरा सीट पर उपचुनाव कराया गया था, तब परमजीत मलिक विधायक बने थे। पूर्व मंत्री चितरंजन स्वरूप के निधन के बाद सदर सीट पर भाजपा से कपिल देव अग्रवाल चुनाव जीते थे। मोरना सीट पर उप चुनाव में मिथलेश पाल ने जीत दर्ज की थी। यह सीट कादिर राना के सांसद बन जाने के बाद खाली हुई थी।

# मखदूमपर मेले में वर्चस्व को लेकर चलीं ताबड़तोड़ गोलियां : घायल कोशिंद्र की मौके पर मौत तथा दूसरा गंभीर

मेरठ ब्यूरो : मखदुमपुर गंगा मेले में सोमवार रात फायरिंग हो गई हैं। जिसमें दो लोगों को गोली लगी। इसकी जानकारी लगते मेले में भगदड़ मच गई। एसपी देहात ने घायलों को मवाना सीएचसी में भर्ती कराया। इससे पहले मामला तूल पकड़ता कि पुलिस फोर्स मेले में पहुंच गया। पुलिस ने मामला शांत कराया। पुलिस का दावा कि गोली लगने से घायल अलीपुर मोरना, हस्तिनापुर निवासी कोशिंद्र से खुद ही गोली चली है। पुलिस पूरी मामले की जांच करने में जुटी है। वहीं अस्पताल में भर्ती घायल कोशिंद्र की मंगलवार सुबह मौत हो गई। संघर्ष में एक पक्ष के दो और दूसरे पक्ष का एक युवक गंभीर रूप से घायल हुए थे। पुलिस के अनुसार दो पक्ष में वर्चस्व को लेकर काफी लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। जिसमें दोनों पक्षों के युवक एक दूसरे पक्ष के युवक पर हमला करने की फिराक में थे। कई दिनों से कोशिंद्र की मुखबरी की जा रही थी। कोशिंद्र के परिजनों ने बताया कि कोशिंद्र के दादा की मौत हो गई थी। वह गांव के कुछ युवकों के साथ सोमवार की शाम करीब पांच बजे घर से मखदुमपुर गंगा घाट पर दीपदान के लिए गया हुआ था। इसी दौरान दूसरे पक्ष के राहुल, अनिल, सुमित समेत कई लोग भी मेले में पहुंच गए। तभी दोनो के बीच कई राउंड गोलियां चली। जिसमें 6 गोली कोशिंद्र को लगनी बताई गईं। उसके साथ उसका एक साथी गौरव गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में दूसरे पक्ष का अकबरपुर गढ़ी निवासी को भी गोली लगी है। उसका इलाज चल रहा है। स्थिति गंभीर बताई जा रही है। कोशिंद्र की मौत हो गई है। मेले में हुई



इस वारदात से देर रात मेले में भगदड़ मच गई थी। कोशिंद्र के गांव के लोग रात में ही लौटना शुरू हो गए थे। मखदुमपुर गंगा मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी हुई है। सुरक्षा मद्देनजर मेले में पुलिस, पीएसी और आरएएफ तैनात है। एसपी देहात और सीओ मवाना ने वहां पर कैंप लगाया हुआ है। सोमवार रात करीब 10:30 बजे मेले में गोलियां चलने की सूचना पर पुलिस दौड़ी। करीब 30 मिनट बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि अलीपुर मोरना निवासी कोशिंद्र के पेट में और कार्तिक के हाथ में गोली लगी हुई थी। पुलिस ने दोनों घायलों को मवाना सीएचसी में भर्ती कराया। कोशिंद्र की हालात गंभीर होने पर मेरठ रेफर कर दिया गया था जहां उसने दम तोड़ दिया। मेले में गोली लगने की जानकारी लगते ही श्रद्धालुओं में अफरातफरी मच गई। श्रद्धालुओं को पुलिस ने समझाना शुरू कर दिया। एसपी देहात केशव कुमार का कहना है कि मौके पर जाकर जांच की। जिसमें पता चला कि कोशिंद्र से ही गोली चली है। जिसमें वह घायल हुआ था। कोशिंद्र के खिलाफ मवाना, हस्तिनापुर समेत कई थाने में मुकदमे दर्ज है। पुलिस जांच करने में जुटी है।

# देव दीपावली पर्व पर 34वीं वाहिनी पीएसी को मिली राशन शॉप की नयी सौगात : सेनानायक डॉ मिश्र द्वारा किया गया शुभारंभ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ) 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी परिसर में जवानों व उनके परिवारीजनों के कल्याण के लिये वाहिनी सेनानायक डॉक्टर राजीव नारायण मिश्र आई.पी.एस के प्रयासों के परिणामस्वरूप नयी राशन शॉप की सौगात मिली।उस राशन शॉप का शुभारंभ सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा/ देव दीपावली के शुभ अवसर पर सीपीसी कैंटीन के पास स्थित नए भवन में सेनानायक डॉ मिश्र द्वारा सम्पन्न हुआ।इस मौके पर वाहिनी परिसर में नवसृजित इस राशन शॉप से पीएसी के जवानों एवं परिसर में आवासित विभिन्न परिवारों को बाजार से अपेक्षाकृत सस्ते दर पर व सुगमतापूर्वक राशन सामग्रियां उपलब्ध हो सकेगी।इस मौके पर सेनानायक डॉ मिश्र ने बताया कि "पीएसी के जवान आमतौर पर वाहिनी से बाहर ड्यूटी करते हैं, वाहिनी में आवासित उनके परिवारीजनों को घरेलू सामग्रियों की आवश्यकता के दृष्टिगत बाहर जाना पड़ता था, परन्तु अब वाहिनी सीपीसी कैन्टीन के



बगल में ही राशन शॉप होने से सुगमतापूर्वक आवश्यक समस्त घरेलू सामग्री आसानी से उपलब्ध हो सकेगी।" इस अवसर पर उपसेनानायक विनोद कुमार, सैन्य सहायक शिवनारायण, शिविरपाल देवपाल, दलनायक वरुण तिवारी, सहायक शिविरपाल विन्ध्वासिनी पाण्डेय, सूबेदार मेजर गौरव सिंह व वाहिनी के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खाली पद की भर्ती के इंतजार में बीत रहा सातवां साल : 2016 से लटका एपीएस के रिक्त पदों का अधियाचन

प्रयागराज ब्यूरो : यह सातवां साल है, जो पद रिक्त होने के बावजूद भर्ती के इंतजार में बीतने जा रहा है। अपर निजी सचिव (एपीएस) के तीन सौ से अधिक रिक्त पदों का अधियाचन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के पास पड़ा हुआ है, लेकिन आयोग ने इसका विज्ञापन जारी नहीं किया। केवल एपीएस ही नहीं, एलटी ग्रेड शिक्षक और प्रवक्ता के पद के भी हजारों पर खाली होने के बावजूद नई भर्ती का विज्ञापन जारी नहीं किया जा रहा। आयोग को वर्ष 2016 में एपीएस के तकरीबन ढाई सौ पदों का अधियाचन मिला था। रिक्त पदों की संख्या बढ़कर अब 300 से अधिक हो चुकी है। इनमें तकरीबन 271 पद सचिवालय में हैं और बाकी के पद राजस्व परिषद एवं यूपीपीएससी में हैं। एपीएस भर्ती परीक्षा–2013 को आयोग निरस्त कर चुका है और पुनर्परीक्षा कराने का निर्णय लिया है, लेकिन पुनर्परीक्षा की कोई तिथि घोषित नहीं की गई। ऐसे में एपीएस के पदों पर नौ साल से कोई भर्ती नहीं हुई है। एपीसीएस–2013 में शामिल हुए अभ्यर्थी उमेश चंद पांडेय नई भर्ती के इंतजार में ओवरएज हो चुके हैं और एपीएस–2013 की कई चरणों की परीक्षा में सफल होने के बाद अब वह भी निरस्त हो चुकी है। उमेश और उनके जैसे तमाम अभ्यर्थियों के लिए भविष्य के रास्ते बंद हो चुके हैं। ऐसे अभ्यर्थी अब मांग कर रहे हैं कि एपीएस की नई भर्ती जब भी शुरू की जाए, उसमें ओवरएज अभ्यर्थियों को भी मौका दिया




जाए। दूसरी ओर, आयोग के पास साल भर से एलटी ग्रेड शिक्षक के हजारों रिक्त पदों का अधियाचन भी पड़ा हुआ है। रिक्त पदों की संख्या बढ़कर अब पांच हजार से अधिक हो गई है। वहीं, जीआईसी प्रवक्ता के भी तकरीबन चार सौ रिक्त पदों का अधियाचन आयोग में पड़ा हुआ है। आयोग की ओर से इन पदों पर भर्ती का नया विज्ञापन जारी नहीं किया जा रहा। प्रतियोगी छात्र मोर्चा के अध्यक्ष विक्की खान और तमाम अभ्यर्थियों ने आयोग में कई बार ज्ञापन दिया। हर बार विज्ञापन शीघ्र जारी करने का आश्वासन मिला। साल बीत रहा है, लेकिन अभ्यर्थियों का इंतजार खत्म नहीं हुआ। नियमावली में संशोधन, अर्हता का पेच एपीएस की सेवा नियमावली में संशोधन होना है। शासन स्तर से संशोधन के बाद आयोग एपीएस भर्ती का विज्ञापन जारी करेगा। अभ्यर्थी नौकरी के लिए भटक रहे हैं, लेकिन शासन स्तर से वर्षों बाद भी नियमावली में संशोधन नहीं किया जा सका। वहीं, एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती में समकक्ष अर्हता का विवाद है, जिस पर शासन को स्थिति स्पष्ट करनी है। शासन ने इस पर भी स्थिति स्पष्ट नहीं की और भर्ती अब तक फंसी हुई है।

# मेरठ पुलिस की 24 टीमों ने दिन निकलते ही धड़ाधड़ खटखटाए 300 अपराधियों के दरवाजे:कई फरार

मेरठ ब्यूरो : मेरठ पुलिस ने बदमाशों का सत्यापन का काम शुरू कर दिया है। मंगलवार सुबह 5 बजे से पुलिस की 24 टीमें लिसाड़ीगेट पहुंची। थाना क्षेत्र में रहने वाले अपराधियों का सत्यापन का कार्य किया। अपराधियों के लिए लिसाड़ी गेट क्षेत्र पहले से ही काफी बदनाम है। कई बड़े अपराधियों ने लिसाड़ीगेट में अपना ठिकाना बना रखा है। मशहूर सोतीगंज बाजार पर शिकंजा कसने के बाद पुलिस अब लिसाड़ीगेट के अपराधियों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर चुकी है। आज सुबह छह बजे से डेढ़ सौ पुलिसकर्मियों के साथ सत्यापन ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान लिसाड़ी गेट क्षेत्र में रहने वाले करीब साढ़े 300 अपराधियों का पुलिस ने सत्यापन किया। हिस्ट्रीशीटर, डकैती, लुटेरे, वाहन चोर, हत्या अपराधी शामिल हैं। जेल से छूटने के बाद अपराधी क्या कर रहे हैं। उनका परिवार क्या कर रहा है। अपराधियों का रजिस्टर बनाकर पूरा खाका तैयार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार थाना लिसाड़ी गेट पर गोकशी, लूट, चोरी, डकैती आदि अपराधों के 300 अपराधियों का सत्यापन किया गया, जिसमें पांच थानों के



पुलिस फोर्स को मिलाकर 24 टीमें बनाई गईं। प्रत्येक टीम में एक उपनिरीक्षक, एक बीट कांस्टेबल, एक महिला कांस्टेबल, तीन आरक्षी को लगाया गया। प्रत्येक टीम में पांच पुलिसकर्मी थे। इस तरह से लगभग डेढ़ सौ पुलिस अधिकारी और कर्मचारी द्वारा अभियुक्त गणों के घर पर जाकर उनकी वर्तमान स्थिति व उनका सत्यापन किया गया। सत्यापन में कुछ अपराधी घर पर मौजूद मिले, तो कुछ अपराधी बाहर काम पर गए, कई अपराधियों का सत्यापन नहीं हो सका जो लापता थे। इस तरह से कुल 300 अपराधियों का सत्यापन किया गया।

## लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के जीवन बीमा अभिकर्ताओं की गोष्ठी सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक मनोज जैन की अध्यक्षता में होटल ग्रैंड जेबीआर गोमती नगर में जीवन बीमा अभिकर्ताओं की गोष्ठी में कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट आशीष सिंह क्षेत्रीय प्रबंधक कानपुर विपिनेस तिवारी सहित तमाम अधिकारी उपस्थित रहे। प्रबंध निदेशक मनोज जैन ने ग्रामीण क्षेत्र में श्री राम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की विस्तार की नीतियों के बारे में जीवन बीमा अभिकर्ताओं को बताया। साथ ही साथ उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस जीवन बीमा में क्लेम रेश्यो लगभग 97% है जिसको हम आने वाले वर्षों में विशेष रुप से 100% लाने की कोशिश करेंगे। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लगभग 50 शाखाओं के साथ कार्यरत है और निकट भविष्य में शाखाओं की संख्या 100 करने की कंपनी की आगामी




योजना है। तत्पश्चात प्रबंध निदेशक मनोज जैन एवं वाइस प्रेसिडेंट आशीष सिंह ने कंपनी के उत्कृष्ट शाखा प्रबंधकों, सेल्स मैंनेजनों एवं बीमा अभिकर्ताओं को सम्मानित किया।

# आयुष कॉलेजों में हेराफेरी से एडमिशन पाने वाले सभी छात्र निलंबित : दस्तावेज सील

लखनऊ ब्यूरो : आयुष कॉलेजों में हेराफेरी से हुए एडमिशन के मामले में संदिग्ध पाए गए सभी छात्रों को निलंबित कर दिया गया है। इन्हें हॉस्टल छोड़ने का आदेश दिया गया है लेकिन इनके दस्तावेज



सील कर दिए गए हैं। प्रदेश के आयुर्वेदिक एवं यूनानी व होम्योपैथी मेडिकल कॉलेजों में तमाम छात्रों ने हेराफेरी कर दाखिला ले लिया था। आयुष विभाग की जांच में 891 छात्र संदिग्ध चिन्हित किए गए हैं। सभी सरकारी कॉलेजों के प्रधानाचार्य ने छात्रों को निलंबित कर दिया है। जबकि निजी कॉलेजों के छात्रों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई चल रही है। करीब 10 निजी कॉलेजों ने छात्रों को निलंबित करने की सूचना आयुष विभाग में भेज दी है जबकि अन्य की रिपोर्ट अभी तक कार्यालय नहीं पहुंची है। देर शाम तक यह रिपोर्ट विभाग में पहुंचने की उम्मीद है। सूत्रों का कहना है कि अभी छात्रों के खिलाफ किसी तरह की तरह की कार्रवाई नहीं होगी। जांच पड़ताल के बाद ही इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# धुसवा पोखरे पर लगा विशाल मेला : पचास हजार से अधिक लोगों की जुटी भीड़

आर एल पाण्डेय खरगूपुर गोंडा। कार्तिक पूर्णिमा पर प्रसिद्ध मेला धुसवा सरोवर पर मंगलवार को विशाल मेले का आयोजन हुआ। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का सोमवार रात से सरोवर पर आगमन शुरू हो गया,सुबह से लोगों ने सरोवर में स्नान हनुमान जी के दर्शन कर पूजन अर्चन किया। थाना खरगूपुर के गोंडा बलरामपुर मार्ग पर संझवल





ग्राम पंचायत में सैकड़ों वर्ष से कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेले का आयोजन होता है।इस बार मेले में दूर दराज से करीब पचास हजार से अधिक लोग अपने निजी साधन से मेले में आये।मेले को लेकर बच्चों में उत्साह की लहर रही।मेला क्षेत्र में लगी विभिन्न प्रकार के सामानों की दुकानों पर खासकर महिलाओं,युवतियों व बच्चों ने खाने–पीने सहित अन्य जरूरी सामानों की खूब खरीदारी की।विगत वर्षों से मेले में इस बार दुकानों की भारी संख्या रही।लोग की भीड़ हर बार से ज्यादा रही।मेले में बरशोला(गट्टे)के दुकानों पर खूब भीड़ रही। मेला क्षेत्र में सुरक्षा के लिए प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह चौकी प्रभारी जानकीनगर व महिला पुरुष,आरक्षी के साथ मुस्तैद रहे।मेला समिति से साफ–सफाई तथा पेयजल आदि की व्यवस्था रही। मेलार्थियों की सुविधा के लिए आयोजक समिति में प्रधान दीप नारायण तिवारी,प्रधान ओम प्रकाश तिवारी रामकुमार तिवारी सहित दर्जनों लोग सक्रिय रहे।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मो0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।